तापमान

अधिकतम 37 .1 डिग्री
न्यूनतम 23 .8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 10 सितंबर 2025



12 इंडस्ट्रियल एरिया में पानी निकासी के लिए बनेगा ...





12 विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाया हुनर




## खबर संक्षेप

### ट्राले की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**कुरुक्षेत्र।** मंगलवार सुबह करीब 9 बजे पिंडारसी गांव के पास तेज रफ्तार ट्राले ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पहचान गांव पिंडारसी के 32 वर्षीय दीपक पुत्र राजा राम के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि युवक किसी काम से कुरुक्षेत्र गया था। जब वह काम करके घर लौट रहा था, तो गांव के ही पास सामने से आ रहे एक ट्राले ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में युवक बुरी तरह से घायल हो गया। राहगीरों द्वारा युवक को इलाज के लिए एलएनजेपी अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में मजदूर गंभीर

### थर्मल के सामने कार की टक्कर व्यक्ति घायल

**पानीपत।** जींद हाईवे पर डीएवी स्कूल थर्मल के सामने कार की टक्कर लगने से बिहार के भागलपुर निवासी मजदूर सतेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सतेंद्र को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इधर, पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं सिविल अस्पताल में उपचाराधीन घायल सतेंद्र की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

### नेपाली किशोरी ने सुसाइड किया

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर-25 पार्ट टू में 17 वर्षीय कृष्णा सेक्टर-25 पार्ट टू में इंडो फॉर्म ने अपने कमरे में फंदा लगा कर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। वहीं कृष्णा मूल रूप से नेपाल की निवासी थी और लोगों के घरों में कामकाज करती थी। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद कृष्णा का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### इसराना: मंडियों में धान की आवक शुरू

**इसराना।** पानीपत के इसराना में धान की मंडी में आवक शुरू हो गई है। आढ़तियों और मार्केट कमेटी के सचिव ने पहली फसल लाने वाले किसान राजेश कुमार निवासी गांव डिडवाडी जिला को सम्मानित किया है। इधर, किसान की फसल 3200 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बेची गई। दूसरी ओर, मार्केट कमेटी सचिव पवन नागपाल ने बताया कि मंडियों में धान की तैयारी जल्द पूरी कर ली जाएगी।

### ग्रामीण का शव नाले में मिलने से हड़कंप

**पानीपत।** पानीपत के गांव बबैल में मिंडा नामक व्यक्ति का शव नाले में पड़ा मिला। वहीं इस घटना की सूचना सरपंच विक्की ने पुलिस को दी। वहीं, थाना हुडा 13-17 पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मिंडा के शवा का पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा दिया। इधर, मिंडा की मौत के क्या कारण रहे इसका पता शव का पोस्टमार्टम होने पर पता चलेगा।

### इसराना में युवक ने आत्महत्या की

**इसराना।** पानीपत के गांव नारा में 25 वर्षीय सोनू पुत्र वीर सिंह कश्यप ने कथित रूप से गृह क्लेश से तंग आकर अपने घर में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। वहीं, पता चला है कि सोनू और उसकी पत्नी के बीच पिछले कुछ दिनों से अनबन चल रही थी, इसके चलते पत्नी अपने मायके चली गई थी।

### हत्या के तीन आरोपी पकड़े

**इसराना।** फैक्टरी से घर लौट रहे कर्मचारी अनिल निवासी गांव कारद जिला पानीपत की लाठी डंडों से पीट-पीट कर हत्या करने केस में सीआईए टू पुलिस टीम ने सन्नी, मंगल व अजय निवासी गांव परढाना जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है।

## छात्रा अदिति के प्रोजेक्ट बायोडिग्रेडेबल मच्छर नाशक टोकरी को राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में मिला इंस्पायर मानव अवार्ड

### राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हरियाणा का करेगी प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर की छात्रा अदिति जुयाल के अभिनव प्रोजेक्ट बायोडिग्रेडेबल मच्छर नाशक टोकरी को राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में इंस्पायर मानक अवार्ड मिला है। अब उनका चयन राष्ट्रस्तरीय पर आयोजित प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिसमें वह हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। जिला उपायुक्त ने अदिति जुयाल को अपने कार्यालय में बुलाकर उन्हें सम्मानित किया।

#### उपायुक्त ने किया अदिति जुयाल को सम्मानित



यमुनानगर। जिला सचिवालय में छात्रा अदिति जुयाल को सम्मानित करते उपायुक्त।

#### डीसी ने मॉडल के बारे में चर्चा की

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अदिति से उनके मॉडल के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अदिति ने एक वास्तविक और गंभीर समस्या का अत्यंत सरल, किफायती और पर्यावरण अनुकूल समाधान प्रस्तुत किया है। यह मॉडल न केवल बीमारियों से निपटने का प्रभावी साधन है बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने अदिति को प्रोत्साहित करते हुए भविष्य में इस मॉडल पर और गहन शोध करने की सलाह दी। उपायुक्त ने उन्हें जिले के एक ऐसे पूरे वार्ड को शोध कार्य हेतु उपलब्ध कराने की घोषणा की, जहां मच्छरों की समस्या अधिक है ताकि इस अभिनव प्रयोग से स्थानीय निवासियों को भी लाभ मिल सके।

#### जिले के लिए गर्व की बात

विद्यालय की प्राचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने कहा कि यह क्षण विद्यालय और पूरे जिले के लिए गर्व का है। अदिति की मेहनत और नवाचार ने आज जिले को राष्ट्रस्तरीय पर पहचान दिलाई है। विद्यालय के चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि अदिति ने अपने अभिनव विचार से साबित कर दिया है कि युवा पीढ़ी में समाज की समस्याओं का समाधान ढूंढने की क्षमता मौजूद है। हमें विश्वास है कि राष्ट्रस्तरीय पर भी वे हरियाणा का परचम लहराएंगी। मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र, जिला विज्ञान विशेषज्ञ विशाल सिंगल भी मौजूद रहे।

### कुवि ने घोषित किए 15 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने 15 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। मई 2025 में आयोजित बीएबीएड (चार वर्षीय एकीकृत) आठवां सेमेस्टर, बीएचएमसीटी चौथा सेमेस्टर (सीबीसीएस), एमए. (लोक प्रशासन) (सीबीसीएस), स्पोर्ट्स डाइटीशियन सर्टिफिकेट कोर्स, चौथा सेमेस्टर, एमएससी (भौतिकी) दूसरा सेमेस्टर (री-अपीयर), एम.एससी. (भौतिकी) द्वितीय सेमेस्टर एनईपी/सीबीसीएस, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट में बी.वोक. चतुर्थ सेमेस्टर, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट में बीवोक द्वितीय सेमेस्टर, बीसीए चतुर्थ सेमेस्टर, एम.एससी (इलेक्ट्रॉनिक विज्ञान) द्वितीय सेमेस्टर, बीसीए (एआई) चतुर्थ सेमेस्टर, एम.ए. (अर्थशास्त्र) चतुर्थ सेमेस्टर (सीबीसीएस), बी.टेक. (इलेक्ट्रिकल एवं इंस्ट्रूमेंटेशन) परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं।

**पुलिस की कार्रवाई:** आरोपियों से 2 देशी कट्टे व 4 जिंदा रौंद बरामद

## यूपी के बदमाशों का कुरुक्षेत्र में एनकाउंटर

### जवाबी फायरिंग में दोनों आरोपियों के पैरों में लगी गोली

*पुलिस टीम ने शक के आधार पर मोटरसाइकिल सवार बदमाशों को रुकने का इशारा किया तो आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया।*

- गिरफ्तार आरोपी मिथुन शर्मा और रोहित प्रसाद के खिलाफ हत्या का प्रयास सहित अन्य कई मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अपराधिक वारदातो पर अंकुश लगाने व अपराधियों की धर पकड के लिये कुरुक्षेत्र पुलिस निरंतर कार्य कर रही है। मंगलवार को अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने मुठभेड़ में घायल आरोपी रोहित प्रसाद उर्फ ढक्कन वासी गाददी जिला बागपत यूपी व मिथुन शर्मा वासी हस्तिनापुर जिला मेरठ यूपी, जैद उर्फ जयंत वासी सुरजा व सागर शर्मा वासी गवाली खेडा जिला बागपत यूपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 7 सितम्बर को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में सहायक उप निरीक्षक प्रवेश कुमार, संदीप कुमार, कर्मबीर सिंह, रणदीप सिंह,सिपाही सतबीर, होमगार्ड कुलदीप व गाड़ी चालक सहायक उप निरीक्षक ईश्वर सिंह की टीम के साथ रविदास चौंक थानेसर पर मौजूद थी। बाइक पर दो लड़के हैं जो संदिग्ध हैं तथा उनके पास हथियार हैं जो कीर्ति नगर से बिशनगढ़ रोड पर खड़े हैं जो किसी वारदात को अंजाम दे सकते है।

#### 4 शातिर अपराधी गिरफ्तार




#### बिशनगढ़ रोड पर मुठभेड़

पुलिस की टीम कीर्ति नगर से बिशनगढ़ रोड पर पहुंची जहां पर एक मोटरसाइकिल पर दो लड़के दिखाई दिए। पुलिस टीम ने शक के आधार पर मोटरसाइकिल सवार लड़कों को रुकने का इशारा किया तो आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिसकर्मियों ने अपने आप को बचाते हुए जवाबी फायरिंग की जो दोनों आरोपियों के पैरों में गोली लगने से घायल हो गए। आरोपियों की तलाशी लेने पर आरोपियों से 2 देशी कट्टे व 4 जिन्दा रौंद बरामद हुए। आरोपियों को इलाज के लिए एलएनजेपी हस्पताल कुरुक्षेत्र में दाखिल करवाया गया। पहचान रोहित प्रसाद उर्फ ढक्कन वासी गाददी जिला बागपत यूपी व मिथुन शर्मा वासी हस्तिनापुर जिला मेरठ यूपी के रूप में हुई।

#### वारदात में प्रयोग बाइक बरामद

आरोपियों से वारदात में प्रयोग बाइक बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ थाना सदर थानेसर में मामला दर्ज किया गया। टीम ने मुठभेड़ में घायल आरोपी रोहित प्रसाद उर्फ ढक्कन वासी गाददी जिला बागपत यूपी व मिथुन शर्मा वासी हस्तिनापुर जिला मेरठ यूपी को हस्पताल से छुट्टी मिलने पर मामले में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने आगामी कारवाई करते हुए मामले में शामिल दो और आरोपी जैद उर्फ जयंत वासी सुरजा व सागर शर्मा वासी गवाली खेडा जिला बागपत यूपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी मिथुन शर्मा वासी हस्तिनापुर जिला मेरठ यूपी हिस्ट्रीशीटर है। आरोपी रोहित प्रसाद उर्फ ढक्कन वासी गाददी जिला बागपत के खिलाफ हत्या का प्रयास सहित अन्य कई मामले दर्ज हैं।

### जांच में 4902 बैग और 2427 क्विंटल की अनियमितता मिली

## कुंजपुरा में 68 लाख का गेहूं गबन मामले में इंस्पेक्टर अशोक शाहबाद से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल के कुंजपुरा सेंटर में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के स्टॉक से बड़े पैमाने पर गेहूं गबन का खुलासा हुआ है। बताया गया है कि कुंजपुरा सेंटर पर तैनात इंस्पेक्टर अशोक शर्मा के विरुद्ध हालिया जांच में कुल 2427 क्विंटल गेहूं गायब पाया गया है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 68,61,358 आंकी जा रही है। पुलिस ने आरोपी को शाहबाद से गिरफ्तार कर लिया है। जांच के मुताबिक अप्रैल व मई 2025 में खरीदे व स्टॉक किए गए गेहूं में हेराफेरी की गई। आरोप है कि 50 किलो के बैगों की जगह 20-25 किलो भार के बैग रखकर स्टॉक दिखाया गया और शेष गेहूं मार्केट में बेच दिया गया। शिकायत के आधार पर जब बोरियों का वजन तौला गया तो कम वजन का फर्जीवाड़ा उजागर हुआ।डीएफएससी करनाल अनिल कुमार ने बताया कि हेड ऑफिस, चंडीगढ़ की समिति ने जांच की और पाया कि कुंजपुरा सेंटर पर खुले में रखी कई बैग आधे वजन की निकलीं; कई बैग फटे मिले जिनसे गेहूं निकालकर बेचा गया। प्रारंभिक रूप से कहा गया कि 4902 बैग कम पाए गए। समिति की जांच 12 अगस्त को शुरू हुई और 5 सितंबर को रिपोर्ट सौंपी गई। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि सरकारी आपूर्ति देते समय बैगों का वजन पूरा दिखाने के लिए कुछ स्टाफ बैगों को पानी में भिगोकर वजन बढ़ाने की प्रैक्टिस करते थे।

#### अन्य कर्मचारियों की भी मिली भगत

अधिकारियों ने कहा है कि पुलिस व विभागीय जांच यह भी पता लगाएगी कि अन्य कर्मचारियों की क्या भूमिका रही है और गबन की रकम की वसूली किस तरह सुनिश्चित की जा सकती है। इस पूरे मामले ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की निगरानी व कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

#### 6 सितंबर 2025 को दर्ज की थी एफआईआर

कुंजपुरा थाना पुलिस ने इस मामले में 6 सितंबर 2025 को आरोपी के खिलाफ गबन की धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी। आरोपी पहले ही निलंबित था। मंगलवार शाम को गिरफ्तारी के बाद उसे हिरासत में लिया गया; बताया गया है कि बुधवार को उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। थाना प्रभारी/एसएचओ विक्रांत ने बताया कि डीएफएससी की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया और गिरफ्तार आरोपी से आगे पूछताछ जारी है।

### अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा



**करनाल।** जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) गुंजन के नेतृत्व में मंगलवार को निसिंग क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि पहली अवैध कॉलोनी लगभग 10 एकड़ में गोंदर रोड पर गणेश राइस मिल के पास बसाई जा रही थी। यहां सीवर नेटवर्क और करीब 30 डीपीसी तैयार की जा चुकी थीं, जिन्हें गिरा दिया गया। दूसरी कॉलोनी गांव गोंदर में 4.25 एकड़ में फैली थी, जहां दो चारदीवारियां और छह डीपीसी तोड़ी गईं।

### कुवि: पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने दवाइयां न मिलने पर जताया रोष

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने यूनिवर्सिटी हेल्थ सेंटर में दवाइयां ना मिलने के रोष स्वरूप कुंटिया ऑफिस से कुलपति कार्यालय तक रोष मार्च निकाला। कुलसचिव डॉक्टर वीरेंद्र पाल को अपनी मांगो का ज्ञापन दिया। कुलसचिव ने पेंशनर्स को संबोधित करते हुए एक सप्ताह में यूनिवर्सिटी हेल्थ सेंटर में दवाइयां उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। संगठन प्रधान मानसिंह ने कुलसचिव के कथन पर विश्वास जताते हुए कहा कि सप्ताह के भीतर दवाइयां उपलब्ध कराई जाए।

### एनएनएफ क्विज में आदेश मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स को तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मोहड़ी स्थित आदेश मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के पी.जी. डॉक्टर्स ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पीजीआईएमईआर रोहतक में आयोजित डिविजनल लेवल एनएनएफ क्विज 2025 में तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में आदेश मेडिकल कॉलेज का प्रतिनिधित्व डा. रेणु शेली (द्वितीय वर्ष रेजिडेंट) और डा. निखिल नंदा (प्रथम वर्ष रेजिडेंट) ने किया। दोनों ने अपनी गहन चिकित्सा ज्ञान और नैदानिक कौशल से निर्णायकों को प्रभावित किया और प्रतिष्ठित शैक्षणिक प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त की। यह गौरवमयी उपलब्धि हासिल करने वाले इन दोनों डॉक्टर्स को आदेश में प्रिंसिपल डा.एनएस लांबा द्वारा सम्मानित किया गया।



**कुरुक्षेत्र।** उपलब्धि हासिल करने वाले डॉक्टर्स को सम्मानित करते प्रिंसिपल डा.एनएस लांबा।

### 16 ग्राम हेरोइन बरामद

### कुरुक्षेत्र में नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र** पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में एंटी नारकोटिक्स सैल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में सतविन्द्र सिंह उर्फ सोनू वासी चम्मू कलां व नितिन बन्ना वासी अजरावर जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 16 ग्राम हैरोइन बरामद करने में सफलता हासिल की है। एंटी नारकोटिक्स सैल प्रभारी उप निरीक्षक सतविन्द्र सिंह के मार्गनिर्देश में सहायक उप निरीक्षक प्रवीन कुमार, धर्मबीर सिंह, मुख्य सिपाही नसीब सिंह, प्रवीन कुमार, जितेन्द्र कुमार, एसपीओ सुरेन्द्र कुमार व गाड़ी चालक प्रदीप कुमार की टीम ठोल गांव के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सफलता पाई है।



### ईमानदारी की मिसाल पेश की

## वीएलडीए ने खाते में आए गलती से दो लाख रुपये लौटाए

**बराड़ा।** तंदवाल के राजेश कुमार ने ईमानदारी की एक मिसाल कायम की है। पशुपालन विभाग में बतौर वीएलडी तैनात राजेश कुमार ने गलती से अपने बैंक खाते में आए दो लाख रुपये वापिस लौटा दिए। उसने बताया कि 1 सितंबर को गलती से उसके खाते में 2 लाख रुपये ट्रांसफ़र हो गए थे। यह राशि पंचकूला के रहने वाले रविंदर सरुप गांधी के एसबीआई खाते से उसके एचडीएफसी बैंक के खाते में आ गई थी। रविंदर गांधी ने इस ग़लती की जानकारी मिलते ही बैंक अधिकारियों के माध्यम से राजेश कुमार से संपर्क साधा। राजेश कुमार ने बिना किसी देरी के पूरे मामले को गंभीरता से लिया और तुरंत अपनी सहमति जताते हुए पूरी राशि को वापस लौटाने का निर्णय लिया। एचडीएफसी बैंक शाखा के प्रबंधक वैभव कोहली को चेक प्रदान कर बैंकिंग प्रक्रिया पूरी करवाई।



एचडीएफसी बैंक के मैनेजर को चेक सौंपते राजेश कुमार

**आक्रोश** छोटे स्तर पर शिकायत केंद्र को खत्म करके एरिया बढ़ने से कर्मचारियों को भारी दिक्कत आएगी

## कंप्लेंट केंद्र को क्लस्टर स्तर पर मर्ज किए जाने पर रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

बिजली निगम के एसडीओ बलवान मेहरा द्वारा ग्रामीण स्तर पर बनाए गए कंप्लेंट केंद्र को तोड़कर उसे क्लस्टर स्तर पर मर्ज किए जाने की कार्रवाई से कर्मचारियों में गहरा रोष है। इसे लेकर कर्मचारियों में गहरा रोष है। एचएसईबी वर्कर यूनियन के प्रधान बलबीर रंगा व सचिव रणजीत सहित कर्मचारियों का कहना है कि छोटे स्तर पर शिकायत केंद्र को खत्म करके एरिया बढ़ने से कर्मचारियों को भारी दिक्कत आएगी। इसके साथ-साथ उपभोक्ताओं को भी परेशानी होगी। एरिया बड़ा होने से कर्मचारी सभी शिकायतों का निवारण नहीं कर पाएंगे। उनका अधिकतर समय 10 से 15 किलोमीटर के दायरे में आने-जाने में ही व्यस्त हो जाएगा। जबकि इससे पूर्व यह दायरा दो से तीन किमी का था। एरिया बड़ा होने के कारण लाइनों का भी भेद कर्मचारियों को नहीं होगा। जिससे हादसा होने का खतरा भी बढ़ेगा।



#### बिजली निगम एससी से बात करेंगे

इसी विषय को लेकर आज बिजली विभाग के कर्मचारियों ने नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि सभी पार्षदों और सरपंचों के साथ बैठक करके उन्हें आने वाली इस समस्या से अवगत कराया। बैठक में नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि ने बिजली निगम के एससी से बात करके समस्या उन तक पहुंचाई। जिन्होंने दोबारा रिव्यू करने का आश्वासन दिया। अधिकारी के फैसले के खिलाफ पार्षदों और सरपंचों ने भी कर्मचारियों का समर्थन किया। कर्मचारियों ने कहा कि ऐसा करने के लिए विभाग के कोई लिखित आदेश नहीं हैं। अधिकारी केवल ट्रायल के रूप में कर्मचारियों को जानबूझकर परेशान कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस तरह का फरमान वापस नहीं हुआ तो कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे। यूनियन ने कहा कि वह किसी भी तरह से बिजली सप्लाई बंद करके उपभोक्ताओं को परेशान नहीं करना चाहती। लेकिन अधिकारी उन्हें मजबूर कर रहे हैं। इस दौरान उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानी की जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी।



**पानीपत।** नशे के विरूद्ध नागरिकों को जागरूक करते हुए एएसआई जगपाल।

### नशे के विरूद्ध घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रहे है एएसआई जगपाल

**समालखा।** नशा मुक्ति अभियान के तहत लोगों को जागरूक कर रहे पुलिस विभाग के एएसआई जगपाल ने कहा भारत में लोग मादक द्रव्यों की लत के खतरे से जूझ रहे है, जिसका व्यसनी, व्यक्ति,परिवार और समाज के एक बड़े वर्ग पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है। नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा नशे की लत से पीड़ित है। सरकार इन पीड़ितों को नशे के चुंगल से छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाती है। एएसआई ने बताया कि जिस घर में कोई भी सदस्य नशा करते हैं तो उनका इलाज डीएसपी समालखा की देखरेख में सरकारी अस्पताल पानीपत में फ्री करवाया जाता

## खबर संक्षेप

### स्नेचरों ने युवक के गले से झपटा सोने का लॉकेट

**यमुनानगर।** गांव कनालसी में स्नेचरों ने एक युवक के गले से सोने का लॉकेट झपटकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने सूचना के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव कनालसी निवासी अनुप ने बूडिया ने बताया कि वह सोमवार को शाम साढ़े पांच बजे गांव के बाहर सड़क पर घूमने के गया था। इस दौरान बाइक सवार दो युवक आए व उसके गले से सोने का लॉकेट झपट लिया। उसने आरोपियों का पीछा किया लेकिन आरोपी भागने में कामयाब हो गए। जिसके बाद उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

### नाचरौन में रामलीला का मंचन 19 सितंबर से



**रादौर।** ग्रामीण रामा ड्रामोटिक क्लब की गांव नाचरौन में रामलीला का मंचन 19 सितंबर से शुरू होगा। प्रधान डॉ.लाभ सिंह ने बताया कि 14 दिन चलने वाली रामलीला के दौरान भगवान श्री राम की लीलाओं का भव्य मंचन किया जाएगा। जिसे लेकर ग्रामीण कलाकारों के साथ ग्रामीणों में भी उत्साह है। पिछले करीब 53 वर्षों से गांव में क्लब रामलीला कर रहा है। इस मौके पर क्लब के सदस्य राहुल पुंडीर, राज शर्मा, सेठपाल शर्मा, धर्मबीर राणा, चंद्रपाल कोच, यशपाल राणा, मुकेश जेलदार, प्रदीप राणा, रूपेंद्र, राजपाल, सोमपाल कश्यप मौजूद रहे।

## डीसी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा, किसानों से की बातचीत

# जलभराव से नष्ट फसलों का 15 तक पोर्टल पर करवाएं पंजीकरण

**पोर्टल पर पंजीकरण पर समीक्षा के बाद किसानों को प्रति एकड़ 3500 से 1500 तक दिया जाएगा मुआवजा, पशुओं व मकानों को हुए नुकसान पर भी सहायता**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मानसून सीजन 2025 के दौरान भारी वर्षा के जलभराव के कारण किसानों की खरीफ फसलों को हुए नुक्सान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार द्वारा क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया गया है। क्षतिपूर्ति पोर्टल पर किसान 15 सितंबर तक अपनी फसलों के नुक्सान की भरपाई के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने मंगलवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

डीसी ने बताया कि मानसून के दौरान भारी वर्षा या जलभराव से किसानों की खरीफ की फसलों को काफी नुक्सान हुआ है। फसलों में हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार द्वारा क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया है। जिले में बारिश और जलभराव से जिन गांवों में फसल खराब हुई है। उन गांवों के किसानों ने क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने की मांग की थी। किसानों को राहत देने के लिए सरकार द्वारा किसानों की फसलों में अधिक वर्षा या जलभराव से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल 15 सितंबर तक खोल दिया गया हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि भारी वर्षा या जलभराव के कारण तहसील छछरौली, व्यासपुर, जगाधरी, रादौर, उप तहसील साढ़ौरा व सरस्वतीनगर के विभिन्न गांवों के किसान क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपनी फसल खराबे की भरपाई के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन निर्धारित की गई तिथि तक करवा सकते हैं। उन्होंने किसानों का आह्वान करते हुए कहा कि जिन भी किसानों की फसलों का नुकसान हुआ हैं वे जल्द से जल्द क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं। ताकि फसल में हुए नुकसान की समीक्षा कर उसके फसल नुकसान की क्षतिपूर्ति की जा सके।

### भूमि कटाव के कार्यों को जल्द करें पूरा : डीसी

**यमुनानगर।** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बाढ़ प्रभावित लापरा, उन्हेड़ी, संधाला व गुमथला गांवों का दौरा कर अधिकारियों को भूमि कटाव के कार्यों को जल्द पूरा करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं, जगाधरी व रादौर ब्लॉक के गांव में यमुना नदी के किनारे हो रहे भूमि कटाव को रोकने के लिए तटबंध के मजबूतीकरण के कार्यों जायजा लिया और ग्रामीणों से बातचीत की। ग्रामीणों ने प्रशासन के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि यमुना का जल स्तर धीरे धीरे घट रहा है। उन्होंने तटबंध निर्माण प्रक्रिया में लगे अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक लेबर लगाकर तटबंध मजबूती का कार्य जल्द से जल्द पूरा करें।

#### कहां क्या व्यवस्था

डीसी ने बताया कि गांव टापू कमालपुर में भूमि कटाव रोकने के लिए तटबंध पर 51 हजार ईसी बैग, 3 जेसीबी मशीन, पोबारी में 15 हजार 400 ईसी बैग, 1 जेसीबी मशीन, उन्हेड़ी में 25 हजार ईसी बैग, 1 जेसीबी मशीन, लापरा में 20 हजार ईसी बैग, 1 जेसीबी मशीनए बीबीपुर में 10 हजार ईसी बैग, 1 जेसीबी मशीन, बेलगढ में 4 हजार ईसी बैग, 1 जेसीबी मशीन व 1 ट्रैक्टर ट्रॉली, लाकड़मय प्रतापपुर में 6 हजार ईसी बैग, 1 जेसीबी मशीन व 1 ट्रैक्टर ट्रॉली, मंडौली घग्गड में 5 हजार ईसी बैग, 1 जेसीबी मशीन, 1 ट्रैक्टर ट्रॉली, माली माजरा में 3 हजार ईसी बैग, कलेसर में 1 जेसीबी मशीन, बंजारा बांस में 2 हजार ईसी बैग, 1 जेसीबी मशीन, 2 ट्रैक्टर ट्रॉली व 1 पोकलेन, कोटड़ा काहन सिंह में 5 हजार ईसी बैग, 1 जेसीबी मशीन 2 ट्रैक्टर ट्रॉली लगाए गए। इसी प्रकार गांव गुमथला राव में 31 हजार 173 ईसी बैग, 2 पोकलेन, 2 ट्रैक्टर ट्रॉली व 3 डंपर, नगली में 6 हजार 843 ईसी बैग, 1 जेसीबी मशीन, 1 ट्रैक्टर ट्रॉली व 1 पोकलेन, संधाला में 1 पोकलेन, खानुवाला में 2 हजार ईसी बैग, 1 पोकलेन, 1 जेसीबीए 1 ट्रैक्टर ट्रॉली, तिहानो में 2 हजार ईसी बैग, 1 पोकलेन, 1 ट्रैक्टर ट्रॉली, रामगढ़ सवाई में 3 हजार ईसी बैग, 1 जेसीबी मशीनए 1 ट्रैक्टर ट्रॉली लगाए गए।

#### इन विभागों को जिम्मेदारी

इन गांवों में हो रहे भूमि कटाव को रोकने के लिए सिंचाई विभाग व पंचायत विभाग द्वारा मनरेगा योजना के तहत मिटटी के कटे भरकरए लोहे के जाल में पत्थर भरकर तटबंधों को मजबूत किया जा रहा है। इस प्रकार मनरेगा योजना में कार्य करने वाले मजदूरों को रोजगार भी उपलब्ध हो सकेगा और भूमि कटाव को रोकने का कार्य समय पर पूरा हो सकेगा। उपायुक्त ने गांव उन्हेड़ी में मजदूरों व मशीनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। इस मौके पर जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, रादौर के तहसीलदार अशोक कुमार, जगाधरी के नायब तहसीलदार अमित सिंह व डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार मौजूद रहे।



यमुनानगर। खालसा कॉलेज में खिलाड़ियों का स्वागत करते प्राचार्य व अन्य।

## खालसा कॉलेज के खिलाड़ियों ने टेनिस में किया प्रदेश का प्रतिनिधित्व

- प्रतियोगिता के बाद कॉलेज पहुंचने पर खिलाड़ियों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज के टेबल टेनिस खिलाड़ी सागर, प्रिंस और अभिमान ने गुजरात में आयोजित जूनियर राष्टीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता के बाद कॉलेज पहुंचे खिलाड़ियों का स्वागत किया गया।

प्राचार्य डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी और उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। राष्टीय स्तर पर उनकी भागीदारी उनके समर्पण, अनुशासन व खेल भावना को दर्शाती है। डॉ. संजय विज ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे खिलाड़ियों की अथक मेहनत और उन्हें मिली मार्गदर्शन का परिणाम है। हम ऐसे और भी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैंए जो राज्य, राष्टीय और अंतर्राष्टीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। इस अवसर पर डॉ. अमरजीत सिंह, डॉ. जोशप्रीत एवं कवलप्रीत सिंह संधू उपस्थित रहे।

## 14 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने शिव नगर कैंप क्षेत्र से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 14 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी हेरोइन को बेचने की फिराक में घूम रहा था। पकड़ी गई हेरोइन की कीमत करीब 55 हजार बताई जा रही है। एसआई सतीश कुमार ने बताया कि टीम ने सूचना के बाद शिव नगर कैंप निवासी नितिन को मौके पर पहुंचकर हिरासत में लिया। तलाशी ली तो उसके पास से 14 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान कॉलोनी के ही नितिन के रूप में हुई। एसआई ने बताया कि आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत करीब 55 हजार रुपये है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# दो सूने घरों से चुराया लाखों का सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में चोरों ने दो सूने घरों के ताले तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। वहीं चोरों ने गांव संधाली में पांच किसानों के खेतों से सबमर्सिबल की मोटरें चोरी कर ली। पुलिस ने तीनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

थाना सेक्टर-17 पुलिस को दी शिकायत में छोटी लाइन रोड पर प्रतापनगर कॉलोनी निवासी मधु शर्मा ने बताया कि दो सितंबर को घर पर ताला लगाकर कहीं गए थे। जहां से सात सितंबर को लौटने पर घर का ताला टूटा पाया। अंदर से एलइडी टीवी, दो घड़ी, दो कंबल व अन्य सामान गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में गांव पिंजोरा निवासी रोहित ने बताया कि सात सितंबर को वह घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गए थे। जब वापस घर लौटे तो ताला टूटा मिला। घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से सोने की अंगूठी व माथे का टिका गायब मिले। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### संधाली में 5 किसानों के सबमर्सिबल मोटरें चोरी

गांव संधाली निवासी बलविंद्र कुमार ने जठलाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह देर शाम खेतों से काम खत्म करके अपने घर आ गया था। सुबह जब वह खेतों में गया तो उसे ट्यूबवेल से सबमर्सिबल मोटर गायब मिली। जांच करने पर पता चला कि चोरों ने उनके पड़ोसी मनीष, नरेश, फग्गूराम व नरेश के खेत से भी सबमर्सिबल की मोटरें चोरी कर ली हैं। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



### जेएमआईटी इंजी. कॉलेज में कार्यशाला

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में मंगलवार को रिएक्ट जेएस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी व बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस विभागों द्वारा आयोजित वर्कशॉप का संचालन सॉफ्टवेयर एवं वेब डेवलपर विशाल कपूर ने किया। जिसमें विद्यार्थियों को प्रेक्टिकल लर्निंग पर ध्यान केंद्रित करते हुए फ्रंटेंड डेवलपमेंट, कॉम्पोनेंट बेस्ड आर्किटेक्चर, स्टेट मैनेजमेंट, एपीआई इंटीग्रेशन व रियल वर्ल्ड प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन जैसे महत्वपूर्ण टॉपिक्स की जानकारी दी गई। संस्थान के डायरैक्टर डॉ.एसके गर्ग ने इस कदम की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के वर्कशॉप्स अकादमिक नॉलेज और इंडस्ट्री प्रैक्टिसेज के बीच के गैप को खत्म करने का प्रयास करते हैं। मौके पर डॉ.गौरव शर्मा, डॉ.विकास जुनेजा, डॉ.नवदीप, डॉ.सविता शर्मा, कपिल देव इत्यादि मौजूद रहे।

# जाहरवीर मेले में उमड़ने लगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर में चल रहा आठ दिवसीय जाहरवीर गोगामाड़ी मेला मंगलवार को लगातार चौथे दिन भी जारी रहा। 500 से 600 की संख्या में श्रद्धालु पहुचे तथा गोगामाड़ी पर प्रशाद चढ़ाकर मन्नें मांगी। मेले में लगाई गई दुकानों पर भी मंगलवार को अच्छी खासी भीड़ रही। दुकानदारों ने भी ऐसे में राहत महसूस की।

दुकानदारों का कहना है कि अब मेले में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मेले में थाना रादौर प्रभारी के नेतृत्व में पुलिसबल तैनात किया गया है। मेले में इन दिनों रात के समय में भी श्रद्धालुओं की खासी भीड़ देखने को मिलती है। जिससे दुकानदार भी उत्साहित हैं।



### मेले में लगे स्कूलों के बैनर फाड़ने से रोष

नपा कर्मचारियों द्वारा मेले में लगे स्कूलों के बैनर फाड़ने से लोगों में रोष है। लोगों का कहना है कि मेले में अन्य बैनर जैसे चेयरमैन, नेताओं के बैनर भी लगे हैं। जिन्हें हाथ तक नहीं लगाया। प्ले स्कूल के संचालक रविंद्र शर्मा ने बताया कि नपा कर्मियों ने उनके साइड में लगे बैनर को फाड़ डाला। जबकि राजनीतिक पार्टियों के बोर्ड व बैनर जाहरवीर गोगा माड़ी के सामने ही लगे हैं। उन पर कोई भी आपत्ति नहीं जताई गई।

# नशा मुक्त समाज बनाने के लिए मिलकर पुलिस का सहयोग करें आमजन : अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा जिले में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत मंगलवार को साढ़ौरा थाना के अंतर्गत गांव जामनवाला में नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में साढ़ौरा थाना के अजय कुमार ने भाग लिया। मौके पर थाना प्रभारी व उनकी टीम ने ग्रामीणों को नशा मुक्त रहने के लिए जागरुक किया।

थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि ड्रग फ्री अभियान के अंतर्गत जिला भर में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। गांव जामनवाला में नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। साढ़ौरा थाना प्रभारी अजय कुमार ने युवाओं, विद्यार्थियों व ग्रामीणों को नशा जैसी बुराइयों से दूर रहने के लिए जागरुक किया। एसएचओ अजय कुमार ने बताया कि जिला पुलिस अपने स्तर पर नशे के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। जिसमें नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है। उन्होंने कहा कि एडिशनल एसपी अमरिंदर सिंह के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम का गठन किया गया है।



# आपदा में सहायता सबसे बड़ा पुण्य: कंवरपाल

- पूर्व मंत्री ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा, किसानों से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के यमुना नदी के समीप स्थित गांव नवाजपुर व लाकड़ में भारी बरसात से हुए भूमि कटाव व भारी बरसात से हुई फसलों के नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने किसानों को सरकार से उनके नुकसान की भरपाई करवाए जाने का आश्वासन दिया।

मंगलवार को उन्होंने दोनों गांवों के सैंकड़ों लोगों के साथ यमुना के किनारे पर पहुंचकर निरीक्षण किया व नुकसान का जायजा लिया। यमुना नहर में पानी कम होने से खेतों से पानी कम हो रहा है। जिससे किसानों को राहत मिली है। अधिक बरसात से यमुना नदी व नालों में अधिक पानी आने के कारण यमुना नदी के आस-पास लगते गांवों के साथ-साथ जिला के विभिन्न स्थानों पर कृषि भूमि का कटाव हुआ था। पूर्व मंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बातचीत कर कहा कि बरसाती पानी से प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को हर प्रकार के सहायता उपलब्ध करवाई जाए और लोगों एवं पशुओं के स्वास्थ्य रक्षा के लिए कदम उठाए जाने जरूरी हैं।



### दवाई व पेयजल समय पर देना करें सुनिश्चित

लोगों को समय पर स्वच्छ पेयजल व दवाइयां उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोग घबराए नहीं। सरकार की ओर से उनकी सुरक्षा के लिए पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। पूर्व मंत्री ने लोगों से अपील की कि वे प्रशासन की टीमों के साथ मिलकर कार्य करे ताकि जल्द से जल्द बेहतर हालात बन सकें। मुख्यमंत्री ने बाढ़ से हुए नुकसान के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया है।

# गांव काबलपुर व झाड़चांदना में निःशुल्क शिविर में जांचा 114 लोगों का स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सांसद नवीन जिंदल फाउंडेशन ने गांव काबलपुर व झाड़चांदना में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए। जिनमें मेडिकल वैन यूनिट के चिकित्सकों ने 114 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मौके पर चिकित्सकों ने लोगों को बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए।

सांसद के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि चिकित्सकों ने डॉ. प्रमोद सिंह के नेतृत्व में 114 लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी गई। 66 लोगों को अन्य सुविधाएं मुहैया करवाई गई। शिविर में अधिकांश लोगों के मुफ्त लैब टेस्ट भी किए गए। चिकित्सकों की टीम ने लोगों को बरसात के मौसम में बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिंदल की इस पहल का सबसे अधिक लाभ गांव की महिलाओं और बुजुर्गों को मिल रहा है। सांसद की ओर से भेजी गई टीम मुफ्त दवाई देने के साथ साथ लोगों को बीमारी से बचाव के लिए जागरुक रहने के लिए भी प्रेरित करती हैं। टीम में शामिल महिला स्टाफ सदस्यों ने शिविर में गर्भवती महिलाओं एवं युवतियों को संतुलित आहार की जानकारी दी।



## डीएवी गर्ल्स कॉलेज में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता संपन्न

# 'मैनु लहंगा लई दे...मरजानेया' गीत पर धमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर में आयोजित दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता मंगलवार को संपन्न हो गई। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में यमुनानगर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान मुख्यातिथि ने इंडोनेशिया में आयोजित इंटरनेशनल कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल विजेता छात्रा ज्योति व उसके अभिभावकों को सम्मानित किया।





यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित प्रतिभा निखार प्रतियोगिता में डांस करती छात्राएं व पुरस्कार प्राप्त कर खुशी जताते हुए विजेता छात्राएं।

टैलेंट शो के दौरान भावना, तान्य व वंशिका ने मैनु लहंगा लई दे मेहंगा जा मरजानेया गीत पर डांस किया तो सभागार तालियों की गडगडाहट से गूंज उठा। ज्योति ने वे तू लौंग, वे मैं लाची, तेरे पीछे आ गवाची, सानिया ने हाए नी हाए नखरा तेरा नी गाने पर डांस किया। हर्षिता ने दिवानी मस्तानी हो गई तथा सिया व कसक ने शिखर दोपहर विच चलदी है पंखियां गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

मुख्यातिथि घनश्याम दास अरोडा ने कहा कि डीएवी कालेज में छात्राओं के सर्वांगिण विकास पर ध्यान दिया जाता है। छात्राएं एकेडमिक के अलावा खेलकूद व सांस्कृतिक क्षेत्र में कालेज का नाम रोशन कर रही है। ज्योति ने अंतरराष्ट्रस्तरीय पर कॉलेज, जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है।

### इस प्रकार रहे परिणाम

सोलो डांस में बीए अंतिम वर्ष की रूपसा ने पहला, बी कॉम प्रथम वर्ष की मान्या ने दूसरा व बीए प्रथम वर्ष की मीनाक्षी ने तीसरा स्थान अर्जित किया। गुरप डांस में काजल व शिवानी ने पहला, भावना, तानिया, वंशिका व जानवी की टीम ने दूसरा तथा स्नेहा व महक की टीम ने तीसरा स्थान अर्जित किया।

इसी प्रकार से गायन प्रतियोगिता में बीए अंतिम वर्ष की पूजा रावत ने पहला, बीए द्वितीय वर्ष की मेघांशु ने दूसरा तथा बीए अंतिम वर्ष की मानषू ने तीसरा स्थान अर्जित किया। वादन प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की स्वास्तिका ने पहला, बीए अंतिम वर्ष की पूजा रावत ने दूसरा तथा बीए द्वितीय वर्ष की मेघांशू ने तीसरा स्थान अर्जित किया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज मैनेजमेंट व अतिथियों ने विजेताओं छात्राओं को सम्मानित किया।

# मनुष्य पॉजिटिव रखें सोच : ज्ञानानंद

- श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति एवं जिओ गीता परिवार जगाधरी यमुनानगर द्वारा आयोजित शहर में आयजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति एवं जिओ गीता परिवार जगाधरी यमुनानगर द्वारा शहर में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने श्रद्धालुओं का मार्ग दर्शन किया।

महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने फरमाया कि मनुष्य को पॉजिटिव सोच रखनी चाहिए। हर किसी का भला करने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। क्योंकि हर मनुष्य में भगवान का अंश है। कहा भी गया है नर सेवाए नारायण की सेवा है। इसी भाव को लेकर अपनी सोच का विस्तार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाभारत हमें कई चीजें सिखाता है। उस समय गांधारी ने गर्भावस्था में जो सोच रखी उसी के मुताबिक उनकी संतान हुई।

उन संतानों में वैसे ही सोच पैदा हुई। जिसके चलते वह विनाश की तरफ गए। वहीं, कुंती की सोच पॉजिटिव थी। गर्भावस्था के दौरान उन्होंने भगवान की भक्ति की। उन्हें वैसी संतान मिली जो पूरे युगों युगों तक याद रखी जाती है। स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को विशेष ध्यान रखना चाहिए। जब वह गर्भवती हो तो अच्छी सोच रखें। अच्छे संस्कारों की कथाएं सुने।




### दूसरों का भला करने की सोचें

सभी से प्यार वाला वातावरण रखें। क्योंकि पैदा होने वाले शिशु पर उन्हीं चीजों का प्रभाव पड़ता है। यह पूरी तरह सत्य है। उन्होंने कहा कि मनुष्य की सोच ही उसे बहुत ऊपर तक ले जा सकती है और बहुत नीचे तक गिरा सकती है। इसलिए सोच महत्वपूर्ण है। सोच पॉजिटिव रखी जाए ऊंची रखी जाए और सदैव दूसरों का भला करने की सोच होनी चाहिए। मौके पर श्रद्धालुओं ने श्री गीता जी की आरती भी उतारी गई। रतन रसिक द्वारा भजन पर श्रद्धालु झूमने लगे।

## खबर संक्षेप



### गयाजी धाम के तीर्थ का किया वर्णन

**कुरुक्षेत्र।** पितृ पक्ष के पावन अवसर पर विष्णु कॉलोनी के ट्यूबवैल पार्क में चल रही श्रीमद भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालु को भागवत प्रवक्ता कथा वाचक अनिल शास्त्री ने गयाजी धाम के तीर्थ का वर्णन किया। गया में पहले विविध नामों से 360 वेदियां थी लेकिन अब केवल 48 ही शेष बची हैं। गया में भगवान विष्णु गदाधर के रूप में विराजमान हैं। गयासुर के विशुद्ध शरीर में ब्रह्मा, जनार्दन, शिव तथा प्रपितामह निवास करते हैं। इसलिए पिंडदान व श्राद्ध कर्म के लिए इस स्थान को उत्तम माना गया।

### तीन दिवसीय बहुभाषी अनुवाद कार्यशाला आज से

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पंजाबी विभाग तथा साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के सहयोग से 10 से 12 सितंबर तक तीन दिवसीय बहुभाषी अनुवाद कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला अपने प्रकार की पहली शैक्षणिक पहल है, जिसका उद्देश्य विभिन्न भारतीय भाषाओं के बीच संवाद और अनुवाद परंपरा को सुदृढ़ करना है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कार्यशाला का उद्घाटन 10 सितंबर, बुधवार को प्रातः 10.00 बजे विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में किया जाएगा।

## दुकानदारों के काटे चालान, डस्टबिन रखने को लेकर किया जागरूक

# नप ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान दुकानों के सामने रखा सामान किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नगर परिषद की टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। टीम ने पिपली व कंडा चौक पर कार्रवाई शुरू की और करीब एक घंटे तक दुकानों के सामने रखे सामान, साइन बोर्ड आदि को हटवाया। नगर परिषद की इस कार्रवाई के बाद अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों में हड़कंप देखने को मिला। अभियान में सेनेटरी इंस्पेक्टर प्रदीप शर्मा, असिस्टेंट सुभाष चंद्र, फील्ड ऑफिसर अनूप सिंह, अभिषेक व सफाई कर्मचारियों की टीम मौजूद रही। कई दुकानदारों का सामान भी जब्त किया और डस्टबिन रखने के लिए अवेयरनेस किया। इस दौरान कोई दुकानदारों के चालान भी काटे और सामान भी जब्त किया गया भविष्य में भी कार्रवाई जारी रहेगी। बता दें कि थानेसर शहर में दुकानों के सामने सामान सड़क तक सामान रखकर अतिक्रमण किया हुआ है। वहीं सामान खरीदने आने वाले ग्राहक अपने वाहन सड़क पर खड़ा कर देते हैं जिस कारण जाम के हालात बने रहते हैं। इसी को देखते हुए नगर परिषद की टीम ने कार्रवाई की और दुकानों के सामने सड़क तक रखा सामान हटवाया। इस दौरान दुकानों के सामने रखे साइन बोर्ड आदि को नगर परिषद की टीम ने ट्रैक्टर ट्रॉली में डाला और अपने साथ ले गई।



**कुरुक्षेत्र।** दुकानदार का चालान काटते नप कर्मी।

#### दुकानदारों में मचा हड़कंप

नगर परिषद की इस कार्रवाई से दुकानदारों व रेहड़ी चालकों में हड़कंप देखने को मिला। टीम द्वारा कार्रवाई शुरू करने की सूचना मिलते ही दुकानदारों ने आनन-फानन में बाहर रखा सामान दुकानों के अंदर रखा। वहीं कई रेहड़ी वाले गलियों में अपनी रेहड़ी को लेकर जाते हुए दिखाई दिए।

#### कार्रवाई की चेतावनी

नगर परिषद के असिस्टेंट सुभाष चंद्र ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण किया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। वहीं इस दौरान सामान जब्त करने के दौरान दुकानदारों व टीम सदस्यों के बीच बहसबाजी भी देखने को मिली।

#### लगातार जारी रहेगी कार्रवाई

नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ उनकी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा, ताकि लोगों को जाम व दूसरी समस्या से निजात मिल सके।

## 4.5 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी में निर्माण को किया नष्ट



**कुरुक्षेत्र।** अवैध निर्माण पर चलता पीला पंजा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र में 4.5 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। यह डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने कुरुक्षेत्र में राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव रतनडेरा में स्थित लगभग 4.5 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी में बनी सडकें, सीवरेज और मेनहॉल और गेट के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया।

#### डीलरों को नोटिस जारी

*उपायुक्त ने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव रतनडेरा में लगभग 4.5 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है।*

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज राहत सामग्री के वाहनों को दिखाएंगे झंडी

# आपदा से प्रभावित नागरिकों की मदद के लिए रहें तत्पर : सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि आपदा से प्रभावित नागरिकों की मदद के लिए हर व्यक्ति को मदद के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। इस समय पंजाब में बाढ़ की आपदा से लोगों को मदद की जरूरत है, ऐसी विकट स्थिति में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पीड़ितों की मदद के लिए दिन रात कार्य कर रहे है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा मंगलवार को सेक्टर 7 आवास कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहर की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं, भाजपा संगठन व जिला प्रशासन के सहयोग से राहत सामग्री एकत्रित की गई है। सभी के सांझे प्रयासों से अलग-अलग प्रकार की खाद्य सामग्री, पशुओं के लिए चारा, दवाईयां व अन्य जरूरी सामान को लेकर लगभग 18 वाहनों में खाद्य सामग्री पंजाब के प्रभावित लोगों को भेजी जाएगी।



#### पिपली अनाज मंडी से रवाना होगी सामग्री

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 10 सितंबर को ठीक 9 बजे पिपली अनाज मंडी से झंडी देकर रवाना करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में ही कुरुक्षेत्र जिले से राहत सामग्री भेजी जा रही है। इसके लिए संस्थाओं के प्रतिनिधियों का अहम योगदान रहा है। एक प्रश्न का जवाब देते हुए पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के साथ-साथ सभी अधिकारी, कर्मचारी जल प्रभाव क्षेत्रों में लोगों की मदद के लिए लगातार सराहनीय कार्य कर रहे है। इस जिले में जल से प्रभावित क्षेत्रों में हर नागरिक को सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। सभी मिलकर इस आपदा की घड़ी में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र के जल प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अलग-अलग जगहों पर शिविर लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है और लोगों को निशुल्क दवाईयां वितरित कर रहे है।

### 104 शिक्षक, 21 विद्यालय और 77 मेंटर्स सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** केशव सदन में समपर्क फाउंडेशन की ओर से एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में जिले के 104 शीर्ष शिक्षक, 21 श्रेष्ठ विद्यालय और 77 मेंटर्स को शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक और डीपीसी इंदु कौशिक ने पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि समपर्क फाउंडेशन ने हरियाणा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को नई दिशा दी है। कार्यक्रम में जिला एफएलएन समन्वयक गौतम दत्त, पाँचों ब्लॉकों के बीईओ, समपर्क टीम से अनिल, करमजीत, सुषमा सहित पूरी टीम उपस्थित रही।

### महिला मंडल की पहल से गूजां अध्यात्म का संदेश



**पिहोवा।** नगर के मॉडल टाउन स्थित छोटा पार्क में श्राद्ध पक्ष के चलते श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। महिला मंडल मॉडल टाउन द्वारा आयोजित इस कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं। महिला मंडल कि इस अनोखी पहल ने समाज में नारी सशक्तिकरण की मिसाल ही कायम नहीं की बल्कि समाज को यह संदेश भी दिया कि नारी शक्ति हर क्षेत्र में अग्रणी है।

# उपाध्यक्ष ने सुनीं लोगों की समस्याएं

- पीडब्ल्यूडी रेस्टहाउस में 'खुला दरबार' का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार द्वारा युवाओं को बिना खर्ची पर्ची के मेरिट के आधार पर नौकरी दी जा रही है। पढ़ाई करवाने के लिए भी हर वर्ग के लिए योजनाएं बनाकर लागू की हुई है। उन्होंने लाडवा विधानसभा के लोगों से अपील की कि वो अपने बच्चों को पढ़ाने के मामले में हमेशा आगे रहे। पढ़ाई के माध्यम से हर मुकाम पाना संभव है। उपाध्यक्ष सुमन सैनी मंगलवार को पीडब्ल्यूडी रेस्टहाउस में आयोजित खुला दरबार में लाडवा विधानसभा के नागरिकों की समस्याओं को सुन रहीं थी। उन्होंने समस्याओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इससे पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता ने पुष्प गुच्छ देकर उपाध्यक्ष सुमन सैनी का स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, थाना प्रभारी जगदीश कुमार, नगर पालिका चेयरपर्सन साक्षी खुराना, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, यशपाल सैनी, विजय गाबा, जगदीप सिंह, भाजपा नेता डा. गणेश दत्त, पूनम सैनी, मोनिका गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


**लाडवा।** लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए उपाध्यक्ष सुमन सैनी। 9केयूके21

### सच्ची भक्ति से ही संभव है प्रभु की कृपा प्राप्ति

**पिहोवा।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वाधान में पुरानी अनाज मंडी , पिहोवा में चल रही श्री कृष्ण कथा का द्वितीय दिवस श्रद्धा और भक्ति से सराबोर रहा। दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या कथा व्यास साध्वी सुश्री मनस्विनी भारती जी ने अपने प्रवचनों में भगवान श्री कृष्ण की करुणा और भक्तवत्सल रूप का वर्णन करते हुए द्रोपदी की अटूट श्रद्धा और प्रहलाद की अटल भक्ति के प्रसंग का मार्मिक चित्रण किया। उन्होंने कहा कि जब द्रोपदी को कौरव सभा में अपमानित करने का प्रयास किया गया तब उसने किसी भी सांसारिक सहारे पर नहीं, केवल भगवान श्री कृष्णा पर अटूट विश्वास किया उसके हृदय से निकली पुकार पर प्रभु स्वयं उपस्थित हुए और चीर विस्तार कर उसकी लाज की रक्षा की। सच्ची भक्ति से ही प्रभु की कृपा प्राप्त होती है।

# शहर में जगह-जगह कचरा फैलने से लग रहा प्राकृतिक सुंदरता को ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि शहर में जगह-जगह कचरा फैलने से प्राकृतिक सुंदरता को खराब कर रहा है। इसलिए प्राकृतिक सुंदरता को खराब करने वाले लोगों की पहचान की जाए और इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी अमल में लाई जाए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मंगलवार को भी सुबह के समय शहर के विभिन्न सेक्टरों की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जहां सेक्टर 5,7 सहित कोर्ट परिसर व सर्किट हाउस के आस-पास के क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और जगह-जगह फैले कचरे की फोटो अधिकारियों को भेजकर तुरंत सफाई करने के निर्देश दिए।



#### अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जहां-जहां कचरा फैला है उस क्षेत्र के आस पास के घरों के मालिकों और दुकानदारों को चेतावनी दे, इस चेतावनी के बाद भी अगर गंदगी मिले तो नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि एसडीएम थानेसर की तरफ से सेक्टर 10 और आस पास के एरिया की स्वच्छता का जायजा लिया और यहां पर फैली गंदगी को साफ करने के लिए नप ईओ को निर्देश दिए।

### एसडीएम ने सफाई कार्य का किया निरीक्षण



**पिहोवा।** उपमंडल अधिकारी नागरिक अभिनव सिवाच आईएएस ने उपमंडल पिहोवा के विभिन्न स्थानों का दौरा किया तथा सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कुछ स्थानों पर पड़े कचरे और गंदगी के बारे में नगरपालिका के अधिकारियों को अवगत करवाया और मौके पर ही सफाई करवाई। एसडीएम अभिनव सिवाच ने मंगलवार को गलेडवा गुमथला गढ़ु रोड के पास स्वच्छता का जायजा लिया।

### फसल खराबे का मुआवजा बढ़ाकर 70 हजार करे सरकार : डॉ. खैहरा

**कुरुक्षेत्र।** भारी बरसात और भाड़ के कारण हरियाणा के विभिन्न जिलों में फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में खड़ी धान, कपास और अन्य फसलें पूरी तरह से चौपट हो गई हैं, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है। इस गंभीर हालात पर जेजेपी नेता डॉ. जसविंदर खैहरा ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को मात्र 7 से 15 हजार रुपये तक का मुआवजा देने की घोषणा कहीं न कहीं किसानों की पीड़ा के साथ मजाक करने जैसा है। उन्होंने कहा कि किसान पूरे साल दिन-रात मेहनत कर अपनी फसल तैयार करता है लेकिन प्राकृतिक आपदा के कारण जब उसकी पूरी मेहनत और पूंजी बर्बाद हो जाती है, तो सरकार का यह कर्तव्य बनता है कि वह उसके साथ खड़ी होकर उसे राहत पहुँचाए। मात्र कुछ हजार रुपये का मुआवजा किसानों के गहरे आर्थिक संकट की भरपाई करने में सक्षम नहीं है। डॉ. खैहरा ने कहा कि किसान की तबाही सिर्फ फसल तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उसके पूरे परिवार की रोजी-रोटी, बच्चों की पढ़ाई, बैंक के कर्ज और आने वाली अगली फसल की तैयारी पर भी सीधा असर डालती है। आज किसान निराशा और चिंता की हालत में है। अगर सरकार ने ठोस कदम नहीं उठाए तो किसान आत्मनिर्भर बनने की बजाय और अधिक कर्ज के बोझ तले दब जाएगा। उन्होंने सरकार से स्पष्ट माँग की कि किसानों के साथ न्याय करते हुए कम से कम 70 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा तुरंत दिया जाए। तभी जाकर किसान अपने जीवन और खेतीबाड़ी को फिर से खड़ा कर पाएगा।


डॉ. जसविंदर खैहरा।

# कहानी विद्यार्थियो में कल्पना शक्ति को विकसित करने का सशक्त माध्यम: नेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शिक्षकों के सतत व्यावसायिक विकास को ध्यान में रखते विद्यालय में कहानी- कथन सीखने की प्रक्रिया का सशक्त माध्यम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों द्वारा कक्षा को अधिक प्रभावी ,रोचक और बाल केंद्रित बनाने हेतु नवीन शिक्षण तकनीकों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। विषय विशेषज्ञ के रूप में विद्यालय की आचार्या नेहा सचदेवा और सविता ग्राक उपस्थित रहीं।



#### कहानी कहने की कला पर डाला प्रकाश

नेहा सचदेवा ने कहानी कहने की कला पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कहानी केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों की कल्पना शक्ति, संवेदनशीलता, तार्किक चिंतन और नैतिक मूल्यों को विकसित करने का सशक्त माध्यम है। सविता ग्राक ने शिक्षकों को समूह गतिविधियों, भूमिका निर्वहन एवं दृश्य- श्रव्य सामग्री के प्रयोग द्वारा कक्षा को जीवंत एवं सहभागी बनाने के व्यावहारिक तरीकों से अवगत कराया। उन्होंने अरस्तु द्वारा बताए गए कहानी संरचना के मूलभूत तत्वों पर विस्तार से चर्चा की।

### महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव 2025 का होगा भव्य आयोजन : सत्य प्रकाश गुप्ता

**कुरुक्षेत्र।** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत थानेसर द्वारा हर वर्ष की भांति महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव 2025 का भव्य एवं धूमधाम से आयोजन किया जा रहा है। संस्था के प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जयंती पर 22 तथा 23 सितम्बर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ 22 सितम्बर को सुबह हवन एवं ध्वजारोहण के साथ होगा। इसके बाद महाराजा अग्रसेन चौक मोहन नगर पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर श्रद्धा भाव से माल्यार्पण होगा। गुप्ता ने बताया कि अग्रसेन जयंती पर्व के अवसर पर ही हर वर्ष की भांति दोपहर को प्रीतिभोज होगा। सायं महाराजा अग्रसेन चौक मोहन नगर पर हरिद्वार एवं वाराणसी की तर्ज पर महाआरती एवं 56 भोग का प्रसाद वितरण होगा। संस्था के प्रधान ने बताया कि अग्रसेन जयंती के अवसर पर 23 सितम्बर शाम को श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल रेलवे रोड़ में साध्वी पूर्णिमा द्वारा भव्य भजन संध्या आयोजित होगी। संस्था के प्रधान एवं जयंती कार्यक्रमों के स्वागत अध्यक्ष सत्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रमों को विधिवत रूप से आयोजित करने के लिए महाराजा अग्रसेन जयंती प्रबन्ध समिति की एक बैठक अग्रवाल धर्मशाला नजदीक रेलवे स्टेशन पर आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों हेतु जिम्मेवारियां सौंपी गई। इस अवसर पर आयोजन समिति की बैठक में कोषाध्यक्ष कपिल मित्तल, कार्यकारिणी सदस्य अशोक गर्ग, अंशुल बंसल, राजेश सिंगला, जंग बहादुर सिंगला, मुनीष मित्तल व विकास बंसल इत्यादि मौजूद रहे।


सत्य प्रकाश गुप्ता।


**कुरुक्षेत्र** टैंट डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य।

### कुरुक्षेत्र टैंट डीलर्स वेलफेयर एसो. के राजेंद्र बंसल बने प्रधान

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र टैंट डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन की एक मीटिंग सम्पन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से राजेंद्र कुमार बंसल को प्रधान पद के लिया चुना गया। कुरुक्षेत्र के अधिकांश टैंट संचालक नई अनाज मंडी में एकत्रित हुए जहाँ सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया और नवनिर्वाचित प्रधान का फूलमालाओ से स्वागत किया। टैंट डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन कुरुक्षेत्र के महासचिव राजेश राजपाल गोल्डी को बनाया गया जबकि केशियर की जिम्मेदारी रिंकू सिंह को सौंपी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बृज भूषण गुप्ता, फकीरचंद गाबा, सुरेश कुमार कोचर, सरदार गुरुमीत सिंह, रामकरण मुहो, तिलक राज, विक्की, अरुण शाक्य इत्यादि उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवनिर्वाचित प्रधान राजेंद्र कुमार बंसल ने सभी सदस्यों का प्रधान चुनने के लिए धन्यवाद दिया व भविष्य में यूनियन के लिए अच्छे व सच्चे कार्य करने का विजन प्रस्तुत किया।

**निर्माण** 30 करोड़ रुपये की स्वीकृत, लोगों ने पार्षद पंकज खन्ना का जताया आभार

# पिपली के लोगों को मिलेगी सीवरेज की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पिपली के लोगों को जल्द ही सीवरेज की सुविधा मिलेगी। इसके लिए प्रशासन ने योजना तैयार कर ली है। सीवरेज व्यवस्था के लिए 30 करोड रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है। सीवरेज के लिए 30 करोड़ स्वीकृत होने के बाद से पिपली के लोगों में खुशी की लहर है। वहीं सीवरेज की सौगात मिलने के बाद पहली बार पिपली के पार्षद बने पंकज खन्ना ने खुशी जाहिर की है और इसके लिए उन्होंने पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा का आभार जताया है। बता दें कि पिपली में लंबे अरसे से सीवरेज की सुविधा नहीं है। सीवरेज ना होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती थी और पिपली की गलियों में गंदा पानी बहता रहता है। गंदे पानी से पिपली के लोगों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पहले पिपली ग्राम पंचायत के अधीन था। ग्राम पंचायत के पास ही पिपली में विकास कार्यों का जिम्मा था, लेकिन पिपली पंचायत के पास आय का साधन न होने के कारण विकास कार्य नहीं हो पाते थे।

#### अनेक समस्याओं का निकलेगा हल

पिपली को पिछले साल ही नगर परिषद में शामिल किया गया था। तब से लोगों को उम्मीद बंधी थी कि नगर परिषद में शामिल होने के बाद पिपली की अनेकों समस्याओं का हल निकलेगा। अभी पिछले दिनों पिपली में नगर परिषद के चुनाव हुए थे और यहां से पूर्व सरपंच बलविंदर खन्ना के बेटे पंकज खन्ना पार्षद चुने गए थे। लोगों को पार्षद बने पंकज खन्ना से बहुत उम्मीदें थी और पंकज खन्ना ने भी लोगों की उम्मीद पर खरा उतरने का ठान लिया था। पिपली की बरसों पुरानी समस्याओं का हल निकालने के लिए प्रयास में लग गए थे। पार्षद बनने के बाद पंकज खन्ना ने पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा के समक्ष पिपली की समस्याओं को रखा। जिस पर पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने पंकज खन्ना के अनुरोध पर पिपली की अनेकों समस्याओं को हल करने का आशीर्वाद दिया।


पंकज खन्ना

#### अगले महीने से शुरू हो जाएगा कार्य पार्षद ने पूर्व राज्यमंत्री का जताया आभार

पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा के सहयोग से पिपली में 30 करोड रुपए की लागत से सीवरेज के कार्य को अनुमति मिल गई है और जल्द ही पिपली में सीवरेज का कार्य शुरू हो जाएगा। पिपली के लोगों ने पार्षद पंकज खन्ना के साथ-साथ पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा का भी आभार जताया है। पंकज खन्ना से जब बातचीत की तो उन्होंने सीवरेज की अनुमति मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि पिपली में सीवरेज के लिए 30 करोड़ रुपये स्वीकृत हो चुके हैं और अगले महीने ही पिपली में सीवरेज के लिए कार्य शुरू हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### ग्रैंड पेरेंट्स डे मनाया गया

**बराड़ा।** शेमरॉक लिटिल फ्लावर स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स डे बड़े हर्षोल्लास और उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगी वेशभूषा पहनकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यापिका शालिनी शर्मा ने ग्रैंडपैरेंट्स डे के महत्व को बताते हुए की। बच्चों ने हिंदी, पंजाबी और अंग्रेजी गीतों पर आकर्षक प्रस्तुतियां देकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। दादा-दादी और नाना-नानी के लिए आयोजित मजेदार खेलों में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### पानी निकासी के दिए आदेश

बराड़ा। एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने उपमंडल में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी, पशुपालन, पब्लिक हेल्थ, मार्केटिंग बोर्ड और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी विभागों को आपसी तालमेल बनाकर बरसाती पानी की निकासी के कार्य को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। एसडीएम सिवाच ने कहा कि भारी वर्षा और पहाड़ी क्षेत्र से आए पानी के कारण निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी। इस समस्या से निपटने के लिए सभी विभागों को मिलकर कार्य करना होगा।

### छात्रों ने चलाया सफाई अभियान

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेजमें प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क और एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. पूजा बैरागी के निर्देशन में बरसाती पानी के कारण उत्पन्न स्थिति को ध्यान में रखते हुए एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई कार्य किया और छात्राओं को आपदा प्रबंधन व स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया। प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क ने स्वयंसेविकाओं के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### लाभ के लिए छात्र करें आवेदन

**अंबाला।** जिला कल्याण अधिकारी अनु बंसल ने बताया कि डॉ. बीआर अंबेड़कर मेधावी छात्रवृति संशोधित योजना वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं जोकि 31 जनवरी 2026 तक भरे जाएंगे। उन्होनें बताया कि जिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित डॉ. बीआर अंबेड़कर मेधावी छात्रवृति योजना 2025-26 के लिए अनुसूचित, टपरीवास एवं घूंमतू जाति के 10वीं कक्षा, 12वीं कक्षा व स्नातक कक्षा के छात्र आवेदन कर सकते हैं।

### मांगों को लेकर पेंशनर्ज पिछले नौ वर्ष से संघर्षरत

जींद। आबकारी एवं कराधान वेलफेयर पेंशनर्ज एसोसिएशन की बैठक नरेंद्र सिंगला की अध्यक्षता में हुई। मंच संचालन राज्य महासचिव महेंद्र सिंह जागलान ने किया। उन्होंने कहा कि पेंशनर्ज पिछले नौ वर्ष से संघर्षरत हैं, परंतु सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंगती और न ही मुख्यमंत्री पेंशनर्ज को मिलने का समय देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार घोषणा तो कर देती हैं ।

---

### 50 करोड़ की योजना होगी तैयार

# इंडस्ट्रियल एरिया में पानी निकासी के लिए बनेगा वॉटर डिस्पोजल टैंक

**निकासी के लिए बड़ी पाइपलाइन के साथ व हाईपॉवर पंप लगाने के भी निर्देश**

*चार दीवारी पर स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए 30 लाख भी दिए*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला


अंबाला। इंडस्ट्रियल एरिया का जायजा लेने पहुंचे मंत्री अनिल विज।

मंत्री अनिल विज ने मंगलवार दोपहर को अंबाला छावनी इंडस्ट्रियल एरिया में पानी निकासी प्रबंधों का जायजा लिया व अधिकारियों को निर्देश दिए उन्होंने कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया में स्थाई तौर पर पानी निकासी के लिए यहां पर वॉटर डिस्पोजल टैंक बनाने तथा पानी निकासी के बड़े पाइप व हाईपॉवर पंप लगाने के निर्देश दिए। इसकी वजह से पानी टांगरी नदी में डाला जा सकेगा। उन्होंने बताया इस कार्य पर अनुमानित लगभग 50 करोड़ रुपए खर्च होंगे। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग व एचएसआईआईडीसी (हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम) के अधिकारियों को विस्तृत परियोजना तैयार करने को कहा है।

विज ने बताया कि कारोबारियों ने उन्हें इंडस्ट्रियल एरिया की चार दिवारी से चोरी के खतरे बारे उन्हें बताया है। इसके लिए उन्होंने इंडस्ट्रियल एरिया के चारों तरफ स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए अपने स्वैच्छिक कोष से 30 लाख रुपए जारी किए है। वह चाहते हैं कि इंडस्ट्रियल एरिया एसोसिएशन चारों ओर दीवार पर सीसीटीवी कैमरे में लगवाए जिससे उनके सामान की सुरक्षा होगी। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया हमारे आसपास क्षेत्र के लिए लाइफलाइन है। यहां वस्तुओं उत्पादन और हजारों लोगों को रोजगार मिलता हैं। उन्होंने बताया कि पानी निकासी को लेकर वो बीते तीन दिनों से लगातार इंडस्ट्रियल एरिया में आ रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि कल शाम तक यहां से पूरा पानी निकल जाएगा। इससे पहले ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने इंडस्ट्रियल एरिया में पानी निकासी प्रबंधों का जायजा लेते हुए क्षेत्र से जल्द से जल्द पानी निकासी के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी निकासी के लिए पूरी ताकत लगाकर यहां काम किया जाए। कारोबारियों ने बताया कि मंत्री अनिल विज द्वारा बीते रोज यहां पंप सेट व अन्य व्यवस्था करने पर बीते 24 घंटे में इंडस्ट्रियल एरिया से काफी मात्रा में पानी निकासी हुई है और पानी का स्तर नीचे हुआ है। विज को कारोबारियों ने बताया कि इंडस्ट्रियल एरिया में बीते कुछ दिनों से चोरियां बढ़ रही है। इस पर मंत्री ने एसपी को फोन पर यहां पुलिस स्टाफ तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जब तक यहां स्थिति सामान्य नहीं होती तब तक पुलिस स्टाफ स्थाई तौर पर यहां तैनात किया जाए।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर कारोबारी सुभाष धीमान, सुभाष मित्तल, संजीव आहूजा, कपिल वर्मा, अखिल गुप्ता, मिशेल धीमान, मीनल जोशी के अलावा जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन हरभजन सिंह, एचएसएसआईडीसी के एक्सईएन बलवेद, नगर परिषद के ईओ देवेंद्र नरवाल, सिंचाई विभाग के एसई मुनीष भारद्वाज, डीएसपी कैंट रमेश कुमार भी मौजूद रहे।

---

# जलभराव से हुए गड्ढों ने बढ़ाई दिक्कतें

## कांग्रेस के शहरी अध्यक्ष पवन अग्रवल बोले, हादसों का इंतजार कर रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला


पवन अग्रवाल डिंपी।

- जलभराव की मार के बाद ये कहना कठिन है की सड़कों पर गड्डें हैं या गड्ढों में सड़कें

जिला कांग्रेस कमेटी अंबाला शहरी के प्रधान पवन अग्रवाल ने शहर की सड़कों पर जलभराव के बाद उत्पन्न हुए गड्ढों को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि शहर के सबसे व्यस्तम मानव चौक, अग्रसेन चौक, गीता नगरी से लेकर सुल्तानपुर चौक जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की सड़कों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं।

ये मौजूदा स्थिति देखकर किसी को समझ नहीं आ रहा। उन्होंने कहा कि इन गड्ढों की वजह से शहर की जनता को कहीं भी आते जाते समय भरी दिक्क्तों का सामना करना पद रहा है। शायद अधिकारी हादसों का इंतजार कर रहे हैं। अग्रवाल ने कहा कि अंबाला शहर की सड़कों की स्थिति पहले ही दयनीय है लेकिन जलभराव की मार के बाद यही पता नहीं चल पा रहा है कि सड़कों पर गड्डें हैं या गड्ढों में सड़कें हैं? उन्होंने कहा कि अंबाला शहर के लोगों का सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है। खासकर गर्भवती महिलाओं से लेकर बजुर्ग तक दो पहिया वाहन से सड़कों पर निकलने में परहेज कर रहे हैं।

उन्हें इस बात का डर है कि कहीं किसी गड्ढे में बैलेंस खोकर गिर न जाएं। केवल इतना ही नहीं कार चालक भी परेशान हैं। महंगी गाड़ियां गड्ढों में नीचे लगने से टूट का शिकार हो रहीं हैं। उन्होंने कहा कि जिस रास्ते से सभी न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय आते जाते हैं उस अग्रसेन और मानव चौक की हालत भी बेहद खराब है।

प्रधान पवन अग्रवाल ने अधिकारीयों से मांग की कि वे इस और तुरंत ध्यान दें। शहर की सड़कों को गड्ढों से निजात दिलाकर लोगों को राहत देने का काम करें।

### रेड रिबन क्लब ने एड्स के प्रति किया जागरुक

**बराड़ा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान होली में रेड रिबन क्लब की ओर से एचआईवी-एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन धर्मपाल, वर्ग अनुदेशक ने सभी स्टाफ सदस्यों के सहयोग से तथा प्रधानाचार्य अश्विनी शर्मा के दिशा-निर्देशन में किया। स्वास्थ्य विभाग अंबाला से आए एचआईवी-एड्स काउंसलर सोमबीर ने छात्र-छात्राओं को इस बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को सतर्क रहने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अश्विनी शर्मा ने भी विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीने तथा इस बीमारी से बचाव के उपाय अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## फसलों से लेकर पशुधन तक हर नुकसान का मुआवजा दिलाने का रहेगा प्रयास

- किसानों को ज्यादा से ज्यादा मुआवजा दिलाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे : प्रमोद विज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शाहबाद

पानीपत के विधायक एवं शाहबाद हल्का प्रभारी प्रमोद विज ने भाजपा नेता सुभाष कलसाना के साथ शाहबाद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गांव गुमटी, नलवी व रायमाजरा का निरीक्षण किया और मारकंडा दरिया, गादड़ी व टांगरी नदियों के उफान से नष्ट हुई फसलों व नुकसानग्रस्त घरों का जायजा लिया। प्रमोद विज ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार बाढ़ प्रभावित इलाकों की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और वह स्वयं भी मुख्यमंत्री से शाहाबाद के हालातों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों को ज्यादा से ज्यादा मुआवजा दिलाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे। जिनके घरों व पशुधन का नुकसान हुआ है, उन्हें भी आर्थिक सहायता दी जाएगी। भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा पार्टी का हर कार्यकर्ता बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत पहुंचाने के लिए तत्पर है और हरसंभव मदद दी जाएगी। प्रमोद विज ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा भाजपा के सभी विधायकों ने अपने एक-एक माह का वेतन बाढ़ राहत कार्यों के लिए सहयोग में दिया है।

---

# पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल ने कूडो में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला


अंबाला। प्रतियोगिता में बाजी मारने वाले छात्र।

पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के युवा कूडो चैंपियनशिप में एक बार फिर अपने स्कूल और ज़िले का नाम रोशन किया है। अंबाला छावनी के सुभाष पार्क में आयोजित 6वीं हरियाणा राज्य कूडो प्रशिक्षण सेमिनार एवं जापानी मार्शल आर्ट्स कांबैट स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक जीते। इस उत्कृष्ट उपलब्धि की। साथ ही ज़िले में ओवरऑल द्वितीय ट्रॉफी अपने नाम की। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में 15 ज़िलों के लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी स्वर्ण और रजत पदक विजेता अब राज्य का प्रतिनिधित्व आगामी कूडो नेशनल चैंपियनशिप, फेडरेशन कप और प्रतिष्ठित 17वीं अक्षय कुमार इंटरनेशनल कूडो प्रतियोगिता में करेंगे, जिसका आयोजन अक्तूबर माह में होगा। स्कूल प्राचार्य डॉ. विकास कोहली जी ने सभी पदक विजेताओं को बधाई दी और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ये हमारे नन्हे मुन्ने बच्चे मार्शल आर्ट्स में अपना हुनर दिखा रहे है। ये सभी बच्चे हमारा आने वाला उज्ज्वल भविष्य हैं। मार्शल आर्ट्स करने से जो अनुशासन में रहना और आत्मनिर्भर बनना सिखाया जाता है वह कबिले तारीफ है। उन्होंने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

**ये रहे विजेता**

प्रतियोगिता में लक्की पंचाल, एविन, हरकीरत सिंह, मयंक जौहर, मनमीत सिंह, इशप्रीत सिंह,अनिरुद्ध भारद्वाज ,रुद्र कुमार, हरगुन सिंह, आरव, कार्तिक व आयूष चौहान ने स्वर्ण पदक हासिल किया। गौतम बक्शी, गर्वित को रजत व अगमदीप सिंह को कांस्य पदक मिला।

# पांच लाख के लिए दहेज हत्या का आरोप, पुलिस ने पति समेत कई ससुरालिए आरोपी बनाए

- सौंतली गांव में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत में पुलिस ने दो ससुरालियों को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शहजादपुर

गांव सोंतली में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विवाहिता के मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी है।

पुलिस ने विवाहिता के भाई की शिकायत पर विवाहिता के पति सहित ससुराल पक्ष के तीन अन्य पुरषों व दो महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाई शुरू कर दी है। गांव डुलियानी के सौरव कुमार ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी छोटी बहन 27 वर्षीय गीता रानी की शादी सौंतली गांव के रहने वाले जसवंत सिहं के साथ हुई थी । शादी में उन्होंने हैसियत से बढकर दान दहेज दिया था।

इसके बावजूद ससुरालिए दान दहेज से सतुष्ट नहीं थे । बार बार उसकी बहन को और दहेज लाने के लिए तंग करते थे। ससुरालिए क कहते थे कि जसवंत को फर्नीचर बनाने की दुकान खोलकर देनी है। इसके लिए ससुरालिए पांच लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। सौरभ ने बताया कि उसकी बहन ने मेरी माता के मोबाईल पर फोन पति जसवंत, ससुर सोमनाथ ,जेठ जसबीर ,संजीव ,संजीव की पत्नी सोनिया और जसबीर की पत्नी अंजू पर दहेज के लिए प्रताड़ति करने के आरोप लगाए थे।

परिवादी ने बताया कि वे अपनी बहन की खुशी के लिए पांच लाख देने के लिए राजी भी हो गए थे। मगर इससे पहले ही आरोपियों ने दहेज को लेकर उसकी बहन की हत्या कर दी। उसने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने पर उसे बहन की लाश मिली। उसके गले पर निशान थे। दाहिने पैर पर भी चोट के निशान देखे। सौरभ का आरोप है कि उसकी बहन गीता रानी को उसके पति जसवंत, ससुर सोमनाथ, जेठ सजीव जसबीर जेठानी सोनिया अंजू ने मिलकर दहेज लाने के लिए तंग करके उसकी रस्सी से गला घोटकर हत्या कर दी है।

## सैनी सरकार में फसल से लेकर मकान तक हर नुकसान की होगी भरपाई

- सुमन सैनी ने कहा कि नुकसान की भरपाई के लिए सरकार ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला है

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लाडवा

हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि बारिश और जलभराव से किसानों की फसलों व लोगों की संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के होते हुए किसानों और आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी तथा हर प्रभावित व्यक्ति को शीघ्र राहत पहुंचाई जा रही है। उपाध्यक्ष सुमन सैनी मंगलवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हाल ही में आई बरसात में मकान गिरने से प्रभावित लाडवा के वार्ड 15 निवासी विजय कुमार व पवन कुमार को राहत उपायों के लिए तत्काल 2.40 लाख रुपये के चैक सौंपे। सरकार की ओर से प्रत्येक को 1.20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता मुहैया करवाई गई। हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि नुकसान की भरपाई के लिए सरकार ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला है। इस पोर्टल पर किसान अपनी खराब हुई फसलों का विवरण अपलोड कर सकते हैं। सरकार शीघ्र ही इन दावों की जांच पूरी कर किसानों को मुआवजा राशि उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि केवल किसान ही नहीं, बल्कि जिन लोगों के मकानों या छतों को नुकसान पहुंचा है, उनको भी राहत दी जाएगी।

# जिप सदस्य मक्खन लबाना ने छोड़ी कांग्रेस, भाजपा में हुए शामिल

- जिला परिषद चेयरमैन के मजबूत दावेदार बने, काफी दिन से खाली पड़ा है पद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

जिला परिषद के सदस्य मक्खन सिंह लबाना फिर कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। लबाना को पूर्व मंत्री असीम गोयल ने पंचकूला में प्रदेश प्रभारी सतीश पुनिया व प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के नेतृत्व में भाजपा पार्टी में शामिल किया गया। वार्ड-9 से जिला परिषद सदस्य मक्खन सिंह लबाना के भाजपा में शामिल होने के साथ ही अब वे चेयरमैन पद के तगड़े दावेदार हो गए। बीते दिनों जिला परिषद अध्यक्ष पद पर अविश्वास प्रस्ताव पास होने पर उन्होंने खुशी जताई थी। उन्होंने कहा कि दो साल से वॉर्डों में विकास कार्य ठप पड़े हैं।

अब नया चेयरमैन मिलने पर विकास कार्य होंगे। अभी जिला परिषद का कार्यकाल जनवरी 2028 तक है। बता दें कि मक्खन सिंह लबाना 2009 में बसपा से विधायक सीट पर चुनाव लड़ चुके हैं। उनको 12 हजार वोट मिले थे। वह 2008 व 2009 में बसपा में रहे। इसके बाद वह काफी समय तक सक्रिय नहीं थे। इसी दौरान वह आम आदमी पार्टी में भी शामिल हुए थे। उन्होंने आम आदमी पार्टी के चिन्ह पर जिला परिषद का चुनाव जीता। मार्च 2024 में वह कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए थे। लबाना ने कहा कि जब से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं। तब से देश तरक्की कर रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यकाल में भी विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बीते दिनों जिला परिषद अध्यक्ष पद पर अविश्वास प्रस्ताव पास हो गया था। इसके बाद अध्यक्ष पद खाली हो गया है। अब जल्द ही चुनाव होना चाहिए। उन्होंने अध्यक्ष पद पर दावेदारी जताने के सवाल पर कहा कि भाजपा के शीर्ष नेता जो भी फैसला करेंगे वह ही मान्य होगा।

## जीएसटी की दरों में कमी करना देश की जनता को गुमराह करने वाला फैसला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

आम आदमी पार्टी लीगल सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहरलाल गोयल ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में कमी किए जाने की निंदा करते हुए कहा कि यह सब देश की जनता को गुमराह करने वाला फैसला है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों पर भारी जीएसटी लगाकर लोगों का आर्थिक संतुलन खराब करने का काम किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जीएसटी की इतनी भारी दरें लगाई थी कि जिससे आम आदमी को भी डर लगने लगा था और हर वर्ग का आर्थिक नुकसान हुआ था। जीएसटी को लेकर देश की जनता काफी समय से इनकी दरों में कमी करने की मांग करती आ रही थी, लेकिन अब भाजपा ने बिहार के विधानसभा चुनाव के मध्यनजर जीएसटी की दरों में कमी की है ताकि चुनाव में इसका फायदा मिल सके। उन्होंने कहा कि देश की जनता भली-भांति जानती है कि भारतीय जनता पार्टी केवल दिखावे की राजनीति करती है। भाजपा का देश की जनता के साथ कोई लगाव नहीं है। भाजपा तिकड़मबाजी और अलोकतांत्रिक तरीकों से देश की सत्ता पर काबिज रहना चाहती है और भारतीय जनता पार्टी ने अपने विरोधियों पर ईडी व सीबीआई की कार्रवाई की, उससे साफ जाहिर है कि वह अपने विरोधियों को बोलने नहीं देती और उनकी आवाज को दबाने का काम सरकारी एजेंसियों के द्वारा करने का काम करती है।

### पानी के दस फीसदी सैंपल गुणवत्ता के मानक पर फेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

नदियों और नालों से गंदा पानी आबादी तक भी पहुंच गया है। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग और जनस्वास्थ्य विभाग ने पानी के सैंपलों की जांच का काम शुरू कर दिया है। जिला स्तर पर यह काम किया जा रहा है जिसमें टीमें अलग-अलग क्षेत्रों से रोजाना पानी के सैंपल ले रही हैं और उनकी जांच कर रिपोर्ट बनाई जा रही है। अधिकारियों की मानें तो इनमें से 10 प्रतिशत सैंपल गुणवत्ता के मानक पर फेल हो रहे हैं। हालांकि दो साल पहले अंबाला में आई बाढ़ के दौरान भी इस प्रकार से अभियान चलाकर पानी के सैंपल लिए गए थे, जिसमें काफी बड़े स्तर पर पानी के सैंपल फेल पा गए थे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मानें तो इस बार कुछ राहत है।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### काव्य पाठ, भाषण, चित्रकारी, संगीत वादन तथा क्विज आदि प्रतियोगिताओं हुई

# विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शहजादपुर

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के निर्देशन पर दो दिवसीय प्रतिभाखोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता के प्रथम सत्र का आरम्भ महाविद्यालय प्राचार्या डॉ.रेनू ऋषि के निर्देश पर कार्यकारी प्राचार्य डॉ. देवेंद्र ढींगरा के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक एवं कला प्रभारी प्रो.पिंकी बाला के नेतृत्व में कमेटी सदस्यों द्वारा भिन्न-भिन्न



शहजादपुर। विभिन्न प्रतियोगिताओं में बाजी मारने वाले छात्र शिक्षकों के साथ।

प्रतियोगिताओं जैसे काव्य पाठ, भाषण, चित्रकारी, संगीत वादन तथा क्विज आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विद्यार्थीयों ने भरपूर रुचि दिखाई और प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

**इस प्रकार रहा परिणाम**

इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं में काव्य पाठ में प्रथम स्थान तोहिन, द्वितीय कंचन शर्मा तथा तृतीय स्थान शायना व रितिकेश ने तथा भाषण में प्रथम स्थान शायना, द्वितीय स्थान कंचन शर्मा, तृतीय स्थान रितिकेश ने प्राप्त किया।

**विजेताओं को किया सम्मानित**

संगीत वादन में अभय व गुरप्रीत सिंह, अमनदीप, उमेश, हर्ष क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। चित्रकारी प्रतियोगिता में नवीन, राजन, साक्षी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय में समय-समय पर बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. देवेंद्र ढींगरा ने बच्चों को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि महाविद्यालय केवल किताबी ज्ञान प्राप्त करने के लिए नहीं होता बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना और उसे एक सशक्त नागरिक बनने में भी अहम भूमिका निभाना होता है। ढींगरा ने विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में सांस्कृतिक कमेटी के प्रत्येक सदस्य व महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गणों ने अहम भूमिका निभाई।